# वाक्य संश्लेषण
# कक्षा-10+1

~डॉ सुनील बहल

# वाक्य – संश्लेषण

| वाक्य (क) | वाक्य – संश्लेषण (ख) |
|---|---|
| (1) खिलाड़ियों ने सामान बैग में डाला। (2) खिलाड़ियों ने बैग उठाया। (3) खिलाड़ी खेलने चले गये। | सामान बैग में डालकर और उसे उठाकर खिलाड़ी खेलने चले गये। |

उपर्युक्त 'क' भाग के विभिन्न वाक्यों को 'ख' भाग में एक वाक्य के रूप में लिखा गया है। यही वाक्य संश्लेषण है। वाक्य विश्लेषण में जहाँ वाक्यों को अलग - अलग किया जाता है वहीं वाक्य - संश्लेषण में अलग - अलग वाक्यों को एक किया जाता है।

**अतः एक से अधिक वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाना ही 'वाक्य संश्लेषण' कहलाता है।**

वाक्य संश्लेषण अभ्यास की वस्तु है। इसकी कोई निश्चित विधि नहीं है किन्तु फिर भी कुछ निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखकर वाक्यों को सरलता से संश्लिष्ट किया जा सकता है -

(1) सभी वाक्यों में महत्वपूर्ण क्रिया चुनकर उसे मुख्य क्रिया बनाओ। जैसे उपर्युक्त वाक्यों में 'चले गये' को मुख्य क्रिया बनाया गया।

(2) फिर अन्य वाक्यों की समापिका क्रियाओं को पहले असमापिका क्रिया (कृदन्त रूपों) में बदला जाता है। तत्पश्चात् इनको विशेषण, संज्ञा या क्रियाविशेषण बनाकर प्रयोग किया जाता है, जैसे उपर्युक्त वाक्यों में 'डाला' तथा 'उठाया', समापिका क्रियाओं को असमापिका क्रिया अर्थात् 'डालकर' तथा 'उठाकर' में क्रमशः परिवर्तित किया तथा फिर वाक्य में प्रयुक्त किया।

इसमें मुख्यतः निम्नलिखित कृदन्तों का प्रयोग किया जाता है -

(i) **विशेषण के रूप में प्रयुक्त होने वाले कृदन्त** – विशेषण के रूप में प्रयुक्त होने वाले कृदन्त इस प्रकार हैं -

(क) **अपूर्ण कृदन्तः** – ये 'ता', 'ती', 'ते' लगकर बनते हैं जैसे -

पढ़ता बच्चा, पढ़ती बच्ची, पढ़ते बच्चे।

| वाक्य | संश्लेषण |
|---|---|
| (i) बच्चे दौड़ रहे थे। | दौड़ते (हुए) बच्चे सुन्दर लग रहे थे। |
| (ii) बच्चे सुन्दर लग रहे थे। | |
| (i) चिड़िया उड़ रही थी। | उड़ती चिड़िया को पकड़ना आसान काम नहीं। |
| (ii) चिड़िया को पकड़ना आसान काम नहीं। | |

(ख) पूर्ण कृदन्त - ये 'आ', 'इ', 'ए' लगकर बनते हैं जैसे- बैठा बच्चा, बैठी बच्ची, बैठे बच्चे।

| वाक्य | संश्लेषण |
|---|---|
| (i) बच्चा रास्ते में बैठा है। | रास्ते में बैठा बच्चा रो रहा है। |
| (ii) बच्चा रो रहा है। | |
| (i) लोग प्रतीक्षा कक्ष में बैठे थे। | प्रतीक्षा कक्ष में बैठे लोग थके हुए थे। |
| (ii) लोग थके हुए थे। | |

(ग) कर्तृवाचक कृदन्त - ये 'ने वाला', 'ने वाले' ने वाली' लगने से बनते है। जैसे- पढ़ने वाला, पढ़ने वाले, पढ़ने वाली।

| वाक्य | संश्लेषण |
|---|---|
| (i) बच्चा हँस रहा है। | हँसने वाले बच्चे को बुलाओ। |
| (ii) बच्चे को बुलाओ। | |
| (i) लड़कियाँ रो रही हैं। | रोने वाली लड़कियों को चुप कराओ। |
| (ii) लड़कियों को चुप कराओ। | |

**(2) संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होने कृदन्त-** वाक्य संश्लेषण में अलग-अलग वाक्यों के घटकों को भाववाचक संज्ञा बनाकर भी एक वाक्य में प्रयुक्त किया जाता है। संज्ञा के रूप में (क्रियार्थक) प्रयुक्त होने वाले कृदन्त 'ना', 'ने', 'नी', लगकर बनते हैं जैसे-पढ़ना, सोना, लिखनी, करने आदि।

| वाक्य | संश्लेषण |
|---|---|
| (i) बच्चों को दूध पीना चाहिए। | बच्चों की सेहत के लिए दूध पीना हितकर है। |
| (ii) दूध सेहत के लिए हितकर है। | |

**(3) क्रियाविशेषण के रूप में प्रयुक्त होने वाले कृन्दत-** साधारण वाक्यों के

विभिन्न घटकों में प्रयुक्त होने वाले कृदन्त को को क्रिया विशेषण बनाकर भी संश्लिष्ट किया जाता है। निम्नलिखित कृदन्तों से क्रिया विशेषण बनते हैं। जैसे-

**(क) पूर्वकालिक कृदन्त–** धातु में 'कर' लगाकर। जैसे– पढ़कर, सोकर, हँस कर आदि।

| **वाक्य** | **संश्लेषण** |
|---|---|
| (i) उसने स्नान किया<br>(ii) वह स्कूल गया। | वह स्नान करके स्कूल गया। |
| (i) अंकुर पढ़ा।<br>(ii) अंकुर खेलने गया। | अंकुर पढ़कर खेलने गया। |

**(ख) तात्कालिक कृदन्त–** ये धातु में 'ते ही' लगाने से बनते हैं या द्विरुक्त रूप में 'ते ही' 'ते–ते' 'ए–ए' से बनते हैं जैसे–

पढ़ते ही, सोते ही।
पढ़ते–पढ़ते, सोते–सोते।
बैठे–बैठे, खड़े–खड़े।

| **वाक्य** | **संश्लेषण** |
|---|---|
| (i) मैं बैठ गया था।<br>(ii) वह आ गया। | मेरे बैठते ही वह आ गया। |
| (i) वह नाच रही थी।<br>(ii) वह गिर गयी। | वह नाचते–नाचते गिर गयी। |
| (i) मैं बहुत देर से खड़ा हूँ।<br>(ii) मैं थक चुका हूँ। | मैं खड़े–खड़े थक चुका हूँ। |

अत: वाक्य–संश्लेषण में अलग–अलग साधारण वाक्यों को एक वाक्य में परिवर्तित किया जाता है। लेकिन परिवर्तित वाक्य सर्वदा साधारण वाक्य ही होगा, यह आवश्यक नहीं है। वह संयुक्त या मिश्रित वाक्य भी हो सकता है। जैसे-

## साधारण वाक्यों का संयुक्त वाक्य में संश्लेषण

| **साधारण वाक्य** | **संयुक्त वाक्य में संश्लेषण** |
|---|---|
| (i) अनिल पास हो गया।<br>(ii) देवेन्द्र भी पास हो गया।<br>(iii) नरेन्द्र फेल हो गया। | अनिल और देवेन्द्र पास हो गए, परन्तु नरेन्द्र फेल हो गया। |

| | |
|---|---|
| (i) अवतार की गाड़ी खराब हो गयी।<br>(ii) अवतार को वहीं रुकना पड़ा। | अवतार की गाड़ी खराब हो गयी अत: उसे वहीं रुकना पड़ा। |
| (i) सुशील मुम्बई जाएगा।<br>(ii) लोकेश बंगलौर जाएगा।<br>(iii) मैं चण्डीगढ़ जाऊँगा। | सुशील मुंबई जाएगा, लोकेश बंगलौर और मैं चण्डीगढ़ जाऊँगा। |
| (i) राम वन को गए।<br>(ii) लक्ष्मण वन को गए।<br>(iii) सीता वन को गयी। | राम, लक्ष्मण और सीता वन को गए। |
| (i) मैं घर गया<br>(ii) मैंने खाना खाया।<br>(iii) मैं सो गया। | मैं घर गया, खाना खाया और सो गया। |

## साधारण वाक्यों का मिश्रित वाक्यों में संश्लेषण

| वाक्य | संश्लेषण |
|---|---|
| (i) मैं दफ्तर गया।<br>(ii) वह आ गया। | जब मैं दफ्तर गया तब वह आ गया। |
| (i) चण्डीगढ़ एक सुन्दर शहर है।<br>(ii) वह पंजाब व हरियाणा की राजधानी है। | चण्डीगढ़, जो पंजाब व हरियाणा की राजधानी है, एक सुन्दर शहर है। |
| (i) आपका नौकर आया था।<br>(ii) मैं घर पर नहीं था। | जब आपका नौकर आया तब मैं घर पर नहीं था। |
| (i) बच्चे शोर मचा रहे थे।<br>(ii) बच्चे भाग गए। | जो बच्चे शोर मचा रहे थे, वे भाग गए। |
| (i) पंकज ने मुझे बताया।<br>(ii) उसने वह किताब बेच दी है।<br>(iii) उसके भाई ने खरीदी थी। | पंकज ने मुझे बताया कि उसने वह किताब बेच दी है जो कि उसके भाई ने खरीदी थी। |
| (i) यह कामायनी पुस्तक है।<br>(ii) इसे जयशंकर प्रसाद ने लिखा था। | यह जो कामायनी पुस्तक है, इसे जयशंकर प्रसाद ने लिखा था। |